प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की करेंगे शुरुआत, 28 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों को टैब भी करेंगे प्रदान।
- विधानसभा में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पेश करेंगे राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, तीन मार्च को पेश होगा पूर्ण बजट।
- हजारीबाग में हुई हिंसक झड़प मामले में तीन गिरफ्तार, 45 पर नामजद प्राथमिकी, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने घटना के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेवार।
- पलामू के नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में गड़बड़ी, राज्यपाल ने दोषी अधिकारी, अभियंता और संवेदक पर कार्रवाई का दिया आदेश।
- चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रांची विश्वविद्यालय के वुशु खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, चार स्वर्ण समेत 17 पदकों पर जमाया कब्जा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करेंगे। इसके तहत राज्यकर्मियों और उनके परिजनों को हर साल 5 लाख रुपये का बीमा मुफ्त दिया जाएगा। साथ ही विशेष परिस्थिति में उनके दुर्घटनाग्रस्त अथवा मरनासन्न की स्थिति में एयर एंबुलेस या वायुयान यात्रा की सहायता का भी प्रवधान किया गया है।

****************

राज्य सरकार ने 28 हजार 945 सरकारी स्कूलों को टैब देने का फैसला किया है। इसके वितरण की प्रक्रिया आज से शुरू हो जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के 10 विद्यालय के शिक्षकों को टैब देकर इसकी शुरुआत करेंगे। टैब वितरण के साथ–साथ स्कूलों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने, शिक्षकों की 50 घंटे की अनिवार्य प्रशिक्षण योजना का भी शुभारंभ किया जायेगा।

****************

विधानसभा में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेंगे। सर्वेक्षण रिपोर्ट से राज्य की आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। तीन मार्च को राज्य सरकार बजट पेश करेगी। हेमंत सोरेन–पार्ट टू का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इससे पहले कल सीएजी की चार रिपोर्ट विधानसभा में पेश की गयी।

****************

पलामू के नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोषी अधिकारियों, अभियंताओं और संवदेक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है।

****************

हजारीबाग में शिवरात्रि के दौरान हुई हिंसक झड़प मामले में कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि 45 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

****************

इस बीच केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि एक सुनियोजित साजिश के तहत राज्य में ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

भाजपा ने मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। गिरिडीह में पार्टी के मंडल चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक होना लापरवाह सिस्टम को दर्शाता है।

****************

जामताड़ा जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत मालडीहा गांव में वर्षा जल संरक्षण को लेकर वाटरशेड यात्रा और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त निरंजन कुमार ने ग्रामीणों को मेड़ बंदी और तालाबों में जल संचयन करने की सलाह दी।

****************

गुमला जिले के खाद्य व्यापारियों के लिए आज सदर अस्पताल परिसर में खाद्य लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है ।

****************

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने शहरी क्षेत्रों में युवाओं को जोड़ने और रेडियो की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया है। श्री सहगल ने आकाशवाणी के अहमदाबाद केंद्र का दौरा करने के बाद बताया कि वेव ओटीटी प्लेटफॉर्म युवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****************

आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी, सर सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है।

****************

- गिरिडीह में मानव तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक महिला समेत चार मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है।
- सरायकेला –खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांदरबेरा में ट्रक और बस की जोरदार टक्कर में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****************

मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर पश्चिम इलाके में आज से फिर मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आज और कल पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा में हल्की बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि रांची और अन्य जिलों में बादल छाए रह सकते हैं।

****************

चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रांची विश्वविद्यालय के वुशु खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ताउलु में टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। चैंपियनशिप में रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने चार गोल्ड, पांच सिल्वर और आठ ब्रांज जीते।

****************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में पेश की गयी सीएजी की रिपोर्ट की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने सीएजी के हवाले से लिखा है– झारखंड ने कोविड के दौरान केन्द्र से मिली पूरी राशि खर्च नहीं की।

दैनिक भास्कर ने पूर्व सीएस एल ख्यांगते को जेपीएससी अध्यक्ष बनाये जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड को पूरा पैसा नहीं दे रहा केन्द्र।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जेपीएससी–1 भर्ती घोटाले में 21 आरोपितों के खिलाफ कोर्ट से मांगा गिरफ्तारी वारंट।

****************